# बिहार विधान परिषद्

207वां सत्र

## अल्पसूचित प्रश्न

## 23 जुलाई 2024

----

: [**ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** ].

**अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या- 19**

----

### चापाकल लगवाने का विचार

1. **श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क)क्या यह सही है कि मगध प्रमंडल के गया-जहानाबाद-अरवल जिले में इस वर्ष भयंकर गर्मी के कारण पेयजल की घोर समस्या हो गयी है;

(ख)क्या यह सही है कि इन जिलों के लगभग सभी चापाकल, जलस्तर नीचे चले जाने के कारण बंद/सुखे पड़े हुए हैं;

(ग)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं , तो क्या सरकार इन जिलों में पेयजल की अति गंभीर समस्या को देखते हुए अविलंब वार्ड सदस्यों के अनुशंसा पर प्रत्येक वार्ड में कम से कम दो-दो चापाकल लगवाने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## स्वास्थ्य उपकेन्द्र खोलने का विचार

2. **डा. अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क)क्या यह सही है कि सुपौल जिले का मरौना प्रखंड मुख्यालय से सर्वाधिक दूरी वाला पिछड़ा प्रखंड है और इस प्रखंड के कदमाहा पंचायत में एक भी स्वास्थ्य उपकेन्द्र नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि कदमाहा पंचायत के लोगों को स्वास्थ्य सेवा के लिए आठ किलोमीटर की दूरी तय कर पड़ोसी पंचायत अथवा मरौना प्रखंड मुख्यालय आना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं ,तो क्या सरकार सुपौल जिले के मरौना प्रखंड के कदमाहा पंचायत के राजस्व ग्राम पड़री में स्वास्थ्य उपकेन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक?

----

## कृषि फिडर का तार लगाने के संबंध में

3. **श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिला अंतर्गत पानापुर प्रखंड की बेलौर पंचायत के ग्राम सेमरी में कृषि फिडर का कार्य किया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि कृषि फिडर में जो भी तार लगाया गया था ,वह तार अज्ञात चोरों द्वारा काट लिये जाने के कारण सिंचाई कार्य बाधित हो गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं , तो क्या सरकार कृषि फिडर का तार लगाने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## राशि का भुगतान कबतक

4. **डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि श्री पवन कुमार सिंह, पिता-स्व० उमाकांत सिंह, ग्राम-मिलकी,

थाना- गंगटा, जिला-मुंगेर की मृत्यु दिनांक- 04.08.23 ई० को अपने खेत में बिजली का करंट लगने के कारण हो गई;

(ख) क्या यह सही है कि स्व० सिंह के खेत में ही होकर विभागीय लोहे एवं सीमेंट के पोल में 11000 वोल्ट का लाईन गुजरता है, विभागीय तकनीकी गड़बड़ी के कारण पटवन के दौरान करंट लगने से श्री सिंह की मृत्यु हो गई;

(ग) क्या यह सही है कि स्व० सिंह की पत्नी-श्रीमती रीता देवी द्वारा 4 लाख रु० मुआवजा हेतु दिनांक- 19.09.23 को पोस्टर्मार्टम रिपोर्ट, FIR की प्रति गंगटा थाना (कांड सं०-04/4.8.23) मृतक एवं उनकी पत्नी का आधार कार्ड, न्यायालय का शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, B.P.L. कार्ड, पास बुक आदि संबंधित कागजात संलग्न कर सहायक अभियंता विद्युत विभाग, हवेली खड़गपुर मुंगेर को दिया गया है;

(घ) क्या यह सही है कि स्व० सिंह की पत्नी श्रीमती रीता देवी को मुआवजा की राशि अबतक प्राप्त नहीं हुई है जिससे उनके छोटे-छोटे बच्चे एवं वह स्वयं भूखमरी के कगार पर हैं;

(ङ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार स्व० सिंह की विधवा पत्नी श्रीमती रीता देवी को मुआवजे की राशि 4 लाख रूपये यथाशीघ्र देना चाहती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## बिजली की समस्या से निजात

5. **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के अंतर्गत पावर सब स्टेशन वारिसलीगंज में 5 M.V.A का ट्रांसफर्मर लगा हुआ है जिसपर लोड काफी पड़ जाने के कारण हमेशा ट्रांसफर्मर जल जाया करता है जिसके कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है ;

(ख) क्या यह सही है कि सब स्टेशन वारिसलीगंज में 5 M.V.A के स्थान 10 M.V.A करवा दिया जाय तो ग्रामीणों को बिजली की समस्या से निजात मिल सकेगी ;

(ग) यदि उपरोक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्रामीणों के हित में पावर सब स्टेशन वारिसलीगंज में 5 M.V.A का ट्रांसफर्मर के स्थान पर 10 M.V.A का ट्रांसफर्मर लगवाना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक, नही तो क्यों ?

----

## कार्य योजना

6. **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के कल कारखानों का कालचक्र में बंद हो जाने के कारण पर्याप्त भूमि अनुपयोगी की स्थिति में है, जबकि नए लोकउपक्रम लगाने में भूमि की अनुपलब्धता मुख्य समस्या है ;

(ख) क्या यह सही है कि पटना जिला अंतर्गत मोकामा में केंद्र सरकार की भूमि बहुतायत मात्रा में उपलब्ध है, जो अनुपयोगी बनी हुई है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार केंद्र सरकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर बेकार पड़े भूमि पर निजी अथवा सरकारी लोक उपक्रम लगाने की कार्य योजना बनाना चाहती है यदि हां तो कब तक ?

----

## अस्पताल भवन का जीर्णोद्धार

7. **श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला अंतर्गत अनुमंडल अस्पताल बगहा कार्यरत है;

(ख) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला अंतर्गत अनुमंडल अस्पताल बगहा का भवन जर्जर अवस्था में है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल का जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## विद्युत तार को हालत काफी खराब

8. **श्री विजय कुमार सिंह (भागलपुर,बॉका स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि कंकड़बाग कॉलोनी मोड़, पटना से शालीमार स्वीट्स की ओर जाने वाले रास्ते में 11000 वोल्ट का खुला तार लोगों के भवन से सट कर गुजरा है ;

(ख) क्या यह सही है कि कंकड़बाग, कॉलोनी मोड़, पटना के समीप उक्त पथ में कृष्णा अपार्टमेंट के दक्षिण तरफ भवन के समीप विद्युत तारों के हालात काफी खराब हैं, उससे कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में विद्युत तार

को पूर्वी भाग में शिफ्ट करेगी या अन्डरग्राउन्ड कर सकती है, नहीं तो क्यों ?

----

## चापाकल लगाने के संबंध में

9. **श्रीमती रीना देवी (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

क्या **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि उप विकास आयुक्त, नालन्दा के पत्रांक-600 दिनांक-30.12.2023 के द्वारा विधायक एवं विधान परिषद् सदस्य की अनुशंसा के आलोक में जिले में कुल 08(आठ) स्थानों पर चापाकल लगवाने का निर्देश कार्यपालक अभियंता, लोक स्वा० अभियंत्रण विभाग,नालंदा को दिया गया था, परन्तु छः माह बीत जाने के बाद भी अबतक उक्त स्थानों पर चापाकल नहीं लगवाया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त स्थानों पर चापाकल नहीं लगवाने के कारण आमजन को पेयजल की घोर समस्या से जूझना पड़ रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित पत्र के आलोक में जनहित में पेयजल समस्या को देखते हुए उक्त स्थानों पर चापाकल शीघ्र लगवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## मासिक मजदूरी

10. **प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड पटना के कार्यालय आदेश सं.-42 ज्ञापांक-36 दिनांक-08.01.2024 द्वारा मानवबलों को देय न्यूनतम मजदूरी के अलावा मासिक मजदूरी बढ़ाने हेतु छः सदस्यीय समिति का गठन किया गया था ;

(ख) यदि खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक हैं , तो क्या सरकार मानवबलों का मासिक मजदूरी बढ़ाना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक , नहीं तो क्यों ?

----

## बिजली तार का पुनर्स्थापन

11. **श्री तरुण कुमार (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि समस्तीपुर जिला के चकपहाड़ पंचायत के राजवाडा एवं चकपहाड़ गाँव में कृषि बिजली की आपूर्ति के लिए इस्तेमाल में आने वाले 100 बिजली के खम्भों से तार काट लिया गया है;

(ख)यदि उपर्युक्त खण्ड (क) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र में खम्भों पर बिजली तार का पुनर्स्थापन करेगी , यदि हाँ तो कब तक ?

----

## शोध पर कितनी राशि खर्च

12. **प्रो. (डा.) राजवर्धन आजाद (मनोनीत):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि चिकित्सा शिक्षा विभाग शोध में रकम आवंटित करता है, और इसका आधार क्या है;

(ख)यदि उपर्युकत खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो अब तक सरकार द्वारा कितना खर्च शोध पर किया गया तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इन शोध का क्या स्थान है ?

----

## केबल तार लगाना

13. **प्रो. (डा.) नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत अनीसाबाद स्थित मित्रमण्डल कॉलोनी डी सेक्टर के चन्दन किराना एवं जेनरल स्टोर से लेकर जायसवाल किराना स्टोर तक नंगा तार लटकने के कारण कभी भी कोई अप्रिय घटना घटने की सम्भावना बनी रहती है;

(ख) क्या यह सही है कि नंगा तार रहने से मोहल्ला वासियों द्वारा अवैध रूप से टोका फंसाकर बिजली की चोरी की जाती है, जिससे विभाग को लाखों रुपए की राजस्व की हानि होती है;

(ग) क्या यह सही है कि नंगा तार रहने से कई बार शॉट सर्किट से आग भी लग चुकी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नंगा तार को हटाकर केबल तार लगाना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यो ?

----

## एक्स-रे की सुविधा

14. **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत अगियांव प्रखण्ड में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है,

(ख) क्या यह सही है कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे की सुविधा लगभग तीन वर्षों से भी अधिक समय से बंद रहने केकारण मरीजों को कठिनाई हो रही है,

(ग) अगर उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अगियांव में एक्स-रे की सुविधा शीघ्र शुरू करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## स्वास्थ्य उपकेन्द्र कब तक

15. **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलांतर्गत लहलादपुर प्रखण्ड के पंडितपुर ग्राम में खाता नं.845 सर्वे 1964, 1965 रकबा 05 कट्ठा, 17 धूर जमीन उप-स्वास्थ्य केंद्र बनाने हेतु वर्ष 2011 में स्व. श्री आनंद बिहारी शुक्ला द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम पर दान दी गयी थी;

(ख) क्या यह सही है कि लहलादपुर प्रखण्ड के ग्राम पंडितपुर में स्वास्थ्य उप-केंद्र अभी तक नहीं बना है एवं ग्रामीणों को 03 किलोमीटर दूर दूसरे स्वास्थ्य केन्द्र पर जाना पड़ता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भूमि पर स्वास्थ्य उप-केंद्र का निर्माण का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## स्थानांतरण रद्द कब तक

16. **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत) :**
**श्री दिनेश प्रसाद सिंह(मुज्जफरपुर स्थानीय प्राधिकार ) :**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि सिविल सर्जन, बांका के पत्रांक-1572, दिनांक- 30.06.2023 द्वारा बांका में स्वास्थ्य विभाग में पदस्थापित लगभग-27 लिपिकों का अवैध स्थानांतरण कार्मिक विभाग के नियमों का उल्लंघन कर किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उन स्थानांतरित लिपिकों में 5-7 लिपिक इसी वर्ष रिटायर करेंगे;

(ग) क्या यह सही है कि स्वा० विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक- 1931(4) दिनांक- 03.11.2023 द्वारा सिविल सर्जन बांका से अवैध स्थानांतरण से संबंधित सपष्टीकरण की मांग की गई, जिस सपष्टीकरण का जबाव सिविल सर्जन बांका द्वारा अबतक नहीं दिया गया है, अवैध स्थानांतरण की स्थिति स्वतः सपष्ट हो रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिविल सर्जन बांका के पत्रांक- 1572 दिनांक- 30.06.2023 द्वारा कार्मिक विभाग के नियमों का उल्लंघन कर अवैध रूप से स्थानांतरण करने वाले दोषी सिविल सर्जन पर अनुशासनिक एवं दंडात्मक कार्रवाई करते हुए लिपिकों के स्थानांतरण को अविलम्ब रद्द कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## कृषि फीडर से जोड़ने के संबंध में।

17. **श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत विभिन्न प्रखंडों के ग्रामों में कृषि कार्य के लिए कृषि फीडर से जोड़ा जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त कार्य हेतु प्रथम चरण के लिए चुने गए कार्य एजेंसी द्वारा कार्य पूरा कर लिया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त एजेंसी द्वारा कराए गए कार्य के अलावा ऐसे अनेक ग्राम कृषि फीडर से अच्छादित नहीं हो सका है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शेष बचे ग्रामों में कृषि कार्य हेतु कृषि फीडर से जोड़ने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो

क्यों?

----

## चिकित्सा अंकेक्षण

18. **प्रो. (डा.) राजवर्धन आजाद (मनोनीत):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि पीएमसीएच का चिकित्सा अंकेक्षण किया जाता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार इसकी जानकारी उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## यक्ष्मा (टी०बी०) की दवा

19. **प्रो. (डा.) नवल किशोर यादव(शिक्षक पटना) :**
**प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव(स्नातक सारण) :**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि सरकार यक्ष्मा (टी०बी०) रोग को राज्य से खत्म करने के लिए प्रयासरत है;

(ख) क्या यह सही है कि सिवान जिला के रघुनाथपुर प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में यक्ष्मा (टी०बी०) की एक भी दवा स्टॉक में नहीं है;

(ग) क्या यह सही है कि यक्ष्मा रोग से ग्रसित गरीब, दलित, शोषित एवं वंचित लोगों को सिवान के किसी भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में यक्ष्मा (टी०बी०) की एक भी दवा नहीं मिल रही है, जिससे रोगी एवं आम जनता में आक्रोश व्याप्त है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यक्ष्मा रोग की दवा सिवान जिला के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में यथाशीघ्र उपलब्ध कराते हुए सिविल सर्जन, सिवान पर आवश्यक कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----